# गैस संकट के बीच घरेलू सिलेंडरों का व्यावसायिक उपयोग

**नवभारत न्यूज**

**पोहरी 15 मार्च।** इन दिनों देश के कई हिस्सों में रसोई गैस की किल्लत देखने को मिल रही है। गैस सिलेंडरों की समय पर आपूर्ति नहीं होने से आम उपभोक्ताओं को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बुकिंग कराने के बाद भी लोगों को लंबे समय तक सिलेंडर का इंतजार करना पड़ रहा है, जिससे उनकी दैनिक रसोई व्यवस्था प्रभावित हो रही है। कई परिवारों का कहना है कि लगातार प्रयास के बावजूद बुकिंग तक नहीं हो पा रही है।

इसी बीच शिवपुरी जिले की पोहरी तहसील में एक अलग ही स्थिति सामने आ रही है। जहां एक ओर आम उपभोक्ता गैस सिलेंडर के लिए परेशान हैं, वहीं दूसरी ओर कई होटल, ढाबा और चाट ठेला



संचालक खुलेआम घरेलू गैस सिलेंडरों का उपयोग करते नजर आ रहे हैं। व्यावसायिक गैस सिलेंडरों की अधिक कीमत के कारण अधिकांश होटल और ढाबा संचालक घरेलू सिलेंडर का ही उपयोग कर रहे हैं, जबकि नियमों के अनुसार घरेलू गैस सिलेंडर का उपयोग केवल घरों में ही किया जा सकता है और व्यवसायिक कार्यों में इसका उपयोग प्रतिबंधित है। स्थानीय लोगों का कहना है कि प्रशासन और गैस एजेंसियों की अनदेखी के कारण यह स्थिति बन रही है। होटल और ढाबों पर घरेलू सिलेंडर के उपयोग के बावजूद किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं की जा रही है, जिससे एजेंसियों और प्रशासन की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठने लगे हैं। उपभोक्ताओं ने आरोप लगाया है कि गैस एजेंसियों द्वारा आपूर्ति व्यवस्था सही तरीके से नहीं की जा रही है। कई लोगों का यह भी कहना है कि एजेंसियों की लापरवाही या कृत्रिम कमी के कारण आम जनता को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि गैस वितरण व्यवस्था को दुरुस्त किया जाए और घरेलू गैस का व्यवसायिक उपयोग करने वालों के साथ-साथ लापरवाही बरतने वाली गैस एजेंसियों पर भी सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि आम उपभोक्ताओं को राहत मिल सके।

**इनका कहना है...**

मुझसे केवल विजयवर्गीय होटल संचालक ही कॉमर्शियल सिलेंडर लेता है, बाकी सभी घरेलू सिलेंडर का उपयोग कर रहे हैं।

**राकेश अग्रवाल, संचालक, मां नर्मदा इंडेन गैस एजेंसी पोहरी**

आपके द्वारा मामला संज्ञान में लाया गया है। हम टीम भेजकर जांच कराएंगे। यदि घरेलू सिलेंडर का उपयोग पाया गया तो सिलेंडर जब्त कर कार्रवाई की जाएगी।

**लज्जाराम राजोरिया, नायब तहसीलदार, पोहरी**

# सांसद भारत सिंह ने किया 40 लाख के सामुदायिक भवन का भूमि पूजन

### करैरा में पी.वी.टी.जी. योजना के तहत बनेगा सामुदायिक भवन, क्षेत्रवासियों को मिलेगा लाभ



**नवभारत न्यूज**

**शिवपुरी, 15 मार्च।** ग्वालियर संसदीय क्षेत्र के सांसद भारत सिंह कुशवाहा ने रविवार को करैरा में आजीविका मिशन कार्यालय के पीछे पी.वी.टी.जी. योजना के अंतर्गत 40 लाख रुपये की लागत से बनने वाले सामुदायिक भवन के निर्माण कार्य का विधिवत भूमि पूजन किया।

इस अवसर पर सांसद कुशवाहा ने कहा कि बनने वाला सामुदायिक भवन क्षेत्रवासियों की सामुदायिक जरूरतों को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने बताया कि इस भवन के निर्माण से क्षेत्र के नागरिकों को सामाजिक, सांस्कृतिक एवं सामुदायिक कार्यक्रमों के आयोजन के लिए एक उपयुक्त स्थान उपलब्ध होगा। उन्होंने आगे कहा कि प्रदेश सरकार का उद्देश्य प्रत्येक वार्ड और मोहल्ले में आवश्यक आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराकर जनकल्याणकारी कार्यों को गति देना है, जिससे स्थानीय स्तर पर लोगों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें।

भूमि पूजन कार्यक्रम में जनपद पंचायत अध्यक्ष पुष्पेंद्र जाटव, मंडल अध्यक्ष वीनस गोयल, पूर्व विधायक शकुन्तला खटीक, वरिष्ठ भाजपा नेता अरविंद वेडर, रामगोपाल चौधरी, अंशुमान रावत और पवन लोधी सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

# नरवर में कांग्रेस पार्टी का होली मिलन समारोह आयोजित



**नवभारत न्यूज**

**नरवर, 15 मार्च।** नरवर नगर के रेस्ट हाउस पर आज कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा होली मिलन समारोह आयोजित किया गया युक्त होली मिलन समारोह में मुख्य अतिथि पोहरी विधायक कैलाश कुशवाहा एवं किसान कांग्रेस जिलाअध्यक्ष पुरुषोत्तम रावत थे युक्त होली मिलन समारोह के अवसर पर फागों का गायन ,गायक, कृपाल सिंह कल्लू कुशवाहा आडतियां एवं कल्लू राम कुशवाहा पूर्व ब्लाक अध्यक्ष द्वारा किया गया तथा समस्त कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी तथा पोहरी विधायक कैलाश कुशवाहा द्वारा समस्त कार्यकर्ताओं को होली की शुभकामनाएं दी गई तथा उमंग एवं उत्साह पूर्वक होली मिलन समारोह मनाया गया ,युक्त होली मिलन कार्यक्रम में कांग्रेस पार्टी के दो सैकड़ा से अधिक नरवर करेरा पोहरी के कार्यकर्तागण उपस्थित थे युक्त अवसर पर विधायक प्रतिनिधि अशोक रावत, पूर्व ब्लाक अध्यक्ष काल्लूराम कुशवाहा ,बच्चनसिंह रावत, विक्रमसिह रावत बनयानी, सरपंच राजेंद्रसिंह कुशवाहा कौडर सरपंच परमाल सिंह कुशवाहा , भारतसिह रावत खडीचा, सरपंच अजबसिह बघेल थरखेड़ा, सुशील तिवारी ,लक्ष्मण सिंह मोजपुरिया ,ज्ञानीराम बघेल पारगढ़, मदन सिंह कुशवाहा जनपद सदस्य ,कमल सिंह कुशवाह ,शंकरलाल रजक पार्षद ,शिवम बाथम, मजबूत सिह कुशवाहा सरपंच जुझाई भानुप्रताप सिंह परिहार ,सुंदर सिंह कुशवाहा ,हरदास कोटिया, कल्लूराम कुशवाहा गोपालिया, आदि कांग्रेस कार्यकर्तागणों ने एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर होली मिलन समारोह मनाया ,युक्त कार्यक्रम में पत्रकार हनुमतसिंह रावत ,कृपाल सिंह सोलंकी ,मोहन सिंह कुशवाहा का माला पहनकर एवं तिलक लगाकर कांग्रेसी कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत किया गया।

# कृषक कल्याण वर्ष में कृषि विज्ञान मेले का शुभारंभ

### विधायकों और कृषि विशेषज्ञों ने किसानों को दी उन्नत तकनीक, प्राकृतिक खेती और योजनाओं की जानकारी

**नवभारत न्यूज**

**शिवपुरी, 15 मार्च।** मध्यप्रदेश शासन के किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग द्वारा कृषक कल्याण वर्ष 2026 के उपलक्ष्य में जिला शिवपुरी में दो दिवसीय कृषि विज्ञान मेले का शुभारंभ रविवार को मानस भवन, गांधी पार्क में किया गया। यह आयोजन कलेक्टर रवीन्द्र कुमार चौधरी के मार्गदर्शन में आयोजित हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत उपसंचालक कृषि पान सिंह करोरिया द्वारा अतिथियों के माल्यार्पण स्वागत के साथ हुई। उन्होंने किसानों को विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी भी दी।




मेले के प्रथम दिवस मुख्य अतिथि के रूप में करैरा विधायक रमेश खटीक ने किसानों को शासन की महत्वपूर्ण भावांतर योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि किसान सरसों फसल में भावांतर योजना का लाभ कैसे प्राप्त कर सकते हैं।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि पोहरी विधायक कैलाश कुशवाह ने किसानों से खेतों में नरवाई नहीं जलाने और प्राकृतिक खेती अपनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के कृषि मेले प्रत्येक विधानसभा स्तर पर आयोजित किए जाने चाहिए ताकि अधिक से अधिक किसान नई तकनीकों और योजनाओं का लाभ उठा सकें।

इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष हेमलता रघुवीर रावत, संभागीय अध्यक्ष जिला किसान संघ कल्याण सिंह यादव, जिला अध्यक्ष किसान संघ बृजेश धाकड़ तथा प्रांतीय अध्यक्ष किसान संघ पवन शर्मा भी मौजूद रहे।

कार्यक्रम में अपर कलेक्टर दिनेश चंद्र शुक्ला ने किसानों को मोटे अनाज (श्री अन्न) के उत्पादन को बढ़ावा देने, जैविक खेती अपनाने तथा फसलों में यूरिया के संतुलित उपयोग के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी दी।

मेले में आयोजित तकनीकी सत्र के दौरान डॉ. किरण रावत ने आत्मा मिलेट्स एवं तिलहन मिशन तथा परम्परागत कृषि विकास योजना के तहत जैविक खेती के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी। वहीं कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. एम.के. भार्गव और डॉ. पुष्पेंद्र सिंह ने किसानों को फसलों की उन्नत तकनीक, रोग-कीट नियंत्रण और कृषि समस्याओं के समाधान के बारे में बताया।

इसके अलावा पशुपालन विभाग से एल.आर. शर्मा, उद्यान विभाग से इंद्रवीर सिंह, मत्स्य विभाग से पूजा श्रीवास्तव तथा कृषि अभियांत्रिकी विभाग से भगवान सिंह नरवरिया और अंकित सेन ने अपने-अपने विभागों की योजनाओं की जानकारी किसानों को दी।

प्रगतिशील किसान वीरू ओझा ने पशुपालन से आय बढ़ाने के अपने अनुभव साझा किए। मेले में विभिन्न विभागों द्वारा कृषि योजनाओं, आधुनिक कृषि यंत्रों और तकनीकों से संबंधित प्रदर्शनी एवं स्टॉल भी लगाए गए, जिनमें आईसीसीओए और सृजन संस्था के जैविक एवं प्राकृतिक खेती से जुड़े स्टॉल किसानों के आकर्षण का केंद्र रहे। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विजयराज, संयुक्त संचालक कृषि आर.एस. शाक्यवार, सहायक भूमि संरक्षण अधिकारी मनोज रघुवंशी, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी संदीप कुमार रावत, बीटीएम आत्मा मंजेश कुमार त्यागी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

**फर्जी पुलिस बनकर करते थे साइबर ठगी**

# पिछोर पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 3 गिरफ्तार, 3 फरार, कार और मोबाइल जब्त

**नवभारत न्यूज**

**शिवपुरी, 15 मार्च।** साइबर अपराधों के खिलाफ चलाए जा रहे ऑपरेशन मेट्रिक्स के तहत पिछोर थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए अश्लील वीडियो रिकॉर्डिंग और डिजिटल गिरफ्तारी का डर दिखाकर लोगों से ठगी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जबकि तीन अन्य आरोपी फरार हैं। आरोपियों के कब्जे से कार और मोबाइल फोन सहित करीब 4 लाख 10 हजार रुपये का माल जब्त किया गया है।

पुलिस को सूचना मिली थी कि ग्राम कछौआ के जंगल में कुछ लोग खुद को पुलिस अधिकारी बताकर



लोगों को डरा-धमकाकर साइबर ठगी कर रहे हैं। सूचना के आधार पर थाना पिछोर पुलिस ने मौके पर दबिश देकर ठाकुरदास पुत्र जहार सिंह लोधी निवासी पारेश्वर थाना पिछोर, चंद्रशेखर पुत्र केशव सिंह लोधी निवासी पारेश्वर थाना पिछोर तथा भोला उर्फ भोलू पुत्र सबरजीत लोधी निवासी छितीपुर थाना दिनारा को गिरफ्तार कर लिया। वहीं अचेन्द्र पुत्र बृजेश लोधी निवासी छितीपुर थाना दिनारा, दशरथ पुत्र राम सिंह लोधी निवासी पारेश्वर थाना पिछोर और नवल पुत्र सीताराम लोधी निवासी गजौरा फाटा थाना पिछोर मौके से फरार हो गए। पुलिस ने आरोपियों के पास से एक सेंट्रो कार तथा तीन एंड्रॉयड मोबाइल फोन जब्त किए हैं। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे अब तक साइबर ठगी के माध्यम से एक करोड़ रुपये से अधिक की रकम लोगों से वसूल चुके हैं, जिसे उन्होंने मकान, प्लॉट, वाहन खरीदने और ऐशो-आराम में खर्च कर दिया। आरोपियों के खिलाफ थाना पिछोर में विभिन्न धाराओं सहित आईटी एक्ट की धारा 66(सी) और 66(डी) के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस फरार आरोपियों की तलाश में लगातार दबिश दे रही है। इस सराहनीय कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक नीतू सिंह, उपनिरीक्षक रामकिशोर जोशी, उपनिरीक्षक धर्मेन्दु गुर्जर, चौकी प्रभारी हिम्मतपुर कमल सिंह बंजारा, अरविंद सगर, परमाल सिंह, जितेन्द्र यादव, आरक्षक अंकित सिंह, रामवतार सिंह, धर्मेन्द्र लोधी, प्रदीप नरवरिया, बचान सिंह तोमर, हेमन्त बाथम, भूपेन्द्र सिंह, बलवीर पाल तथा चालक मनीष गोस्वामी की महत्वपूर्ण भूमिका रही।


## कार्यालय राज्य स्वास्थ्य प्रबंधन एवं संचार संस्थान सिटी सेन्टर, ग्वालियर, म.प्र.

### निविदा सूचना

कार्यालय राज्य स्वास्थ्य प्रबंधन एवं संचार संस्थान सिटी सेंटर ग्वालियर में वर्ष 2026-27 हेतु निम्न समूह के अंतर्गत कार्य किये जाने हेतु ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। निविदा प्रपत्र ऑनलाईन पोर्टल https://mptenders.gov.in पर देखी तथा निर्धारित टेण्डर डॉक्यूमेंट फीस + ऑनलाईन प्रोसेसिंग फीस जमा कर क्रय की जा सकेंगी।

| टेण्डर प्रकिया का विवरण | मैस भोजन व्यवस्था/साफ-सफाई/सुरक्षा/स्टेशनरी/वाहन/धुलाई कार्य |
|---|---|
| टेण्डर आई डी क्रमांक | 2026_DHS_488093_1 for House Keeping<br>2026_DHS_488098_1 for Mess<br>2026_DHS_488104_1 for Security<br>2026_DHS_488105_1 for Stationary<br>2026_DHS_488107_1 for Vehicle Hiring<br>2026_DHS_488108_1 for Laundry |
| ऑनलाईन निविदा प्रपत्र क्रय करने की तिथि एवं समय | दिनांक 16.03.2026 सुबह 10:30 बजे से |
| ऑनलाईन निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि एवं समय | दिनांक 05.04.2026 दोपहर 15:30 बजे तक |
| ऑनलाईन निविदा प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | दिनांक 05.04.2026 शाम 17:30 बजे तक |
| संस्थान में आयोजित प्री बिड मीटिंग की तिथि | दिनांक 23.03.2026 दोपहर 12:00 बजे |
| निविदा के ऑनलाईन भौतिक ऑफर (Technical Bid) खोले जाने की तिथि एवं समय | दिनांक 08.04.2026 दोपहर 12:00 बजे |
| निविदा के ऑनलाईन वित्तीय ऑफर (Financial Bid) खोले जाने की तिथि एवं समय | दिनांक 13.04.2026 दोपहर 12:00 बजे |
| ऑनलाईन निविदा प्राप्त करने एवं जमा करने का निर्धारित स्थान एवं बेबसाईट | निविदाकार https://mptenders.gov.in पर नियत अंतिम दिनांक अथवा उससे पूर्व अपनी निविदा जमा कर सकता है। |

1 निविदाकारों के निविदा से संबंधित प्रश्नों के स्पष्टीकरण हेतु कार्यालय संचालक राज्य स्वास्थ्य प्रबंधन एवं संचार संस्थान ग्वालियर में दिनांक 23.03.2026 दोपहर 12:00 बजे प्री बिड बैठक आहूत होगी।, 2 संचालक राज्य स्वास्थ्य प्रबंधन एवं संचार संस्थान ग्वालियर को बिना कोई कारण निविदा स्वीकार अथवा अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित है।

G-27365/25

संचालक
राज्य स्वास्थ्य प्रबंधन एवं संचार संस्थान, ग्वालियर


# कट्टे से फायर कर हत्या की कोशिश, मल्लू बाबा 24 घंटे में गिरफ्तार, अवैध हथियार बरामद

**नवभारत न्यूज**

**शिवपुरी, 15 मार्च।** करैरा कस्बे में मकान के सामने खड़े होने को लेकर हुए विवाद ने अचानक हिंसक रूप ले लिया। आरोपी ने कट्टे से फायर कर हत्या का प्रयास कर दिया, लेकिन करैरा पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस के अनुसार महेन्द्र सिंह पुत्र हाकिम सिंह गुर्जर (45) निवासी ग्राम उटवाहा थाना दिनारा, हाल निवासी यादव मोहल्ला करैरा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि 14 मार्च 2026 को वह अपने राइन मार्केट स्थित मकान पर था। इसी दौरान उसके घर के सामने मनोज सेंगर उर्फ मल्लू बाबा खड़ा था। जब महेन्द्र सिंह ने उससे वहां खड़े होने का कारण पूछा तो आरोपी गाली-गलौज करने लगा। मना करने पर आरोपी ने जान से मारने की नीयत से कट्टे से फायर कर दिया, जिससे गोली फरियादी की बाईं पसलियों को छूते हुए लगी। इसके बाद आरोपी ने कट्टे की बट से उसके माथे पर वार कर दिया, जिससे वह घायल हो गया।

घटना की रिपोर्ट पर थाना करैरा में अपराध क्रमांक 174/26 के तहत धारा 109, 296(ए) बीएनएस में मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड़ के निर्देश पर जिले में चलाए जा रहे अपराधियों के खिलाफ अभियान के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव मुले और एसडीओपी करैरा डॉ. आयुष जाखड़ के मार्गदर्शन में पुलिस ने सर्च अभियान चलाया। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने आरोपी मनोज सेंगर उर्फ मल्लू बाबा पुत्र हाकिम सिंह सेंगर निवासी चकरा थाना लहचूरा जिला झांसी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के कब्जे से 315 बोर का देशी कट्टा और एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया है। इसके बाद प्रकरण में धारा 25/27 आर्म्स एक्ट भी बढ़ाई गई है। आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया है। उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक विनोद सिंह छावई, उपनिरीक्षक चरण सिंह, उपनिरीक्षक शैलेन्द्र सिंह, प्रधान आरक्षक राजेश शर्मा, आरक्षक हरेन्द्र गुर्जर, राधे जादौन, मत्सयेन्द्र गुर्जर, सुरेन्द्र रावत तथा चालक रामावतार गुर्जर की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# रोजा इफ्तार का आयोजन, पार्षद राजकुमारी धाकड़ की पहल

**पोहरी 15 मार्च।** नगर परिषद पोहरी के वार्ड क्रमांक 10 की पार्षद राजकुमारी शैलेंद्र धाकड़ द्वारा रमजान के पावन माह में आपसी भाईचारे और सद्भाव को बढ़ावा देने के उद्देश्य से रोजा इफ्तार कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। 24वें रोजे के अवसर पर नगर की तीनों मस्जिदों में रोजेदारों के लिए इफ्तार की विशेष व्यवस्था की जाएगी। पार्षद राजकुमारी धाकड़ ने बताया कि सभी धर्मों का सम्मान करना और जनसेवा करना उनका प्रमुख उद्देश्य है। इसी भावना के साथ रमजान के इस पवित्र माह में मुस्लिम समाज के रोजेदारों के लिए इफ्तार की व्यवस्था की जा रही है, ताकि समाज में आपसी प्रेम, भाईचारा और सौहार्द और अधिक मजबूत हो सके। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन समाज को जोड़ने का कार्य करते हैं और विभिन्न समुदायों के बीच सद्भाव का संदेश देते हैं। इस अवसर पर बड़ी संख्या में मुस्लिम समाज के रोजेदार इफ्तार में शामिल होंगे।


## कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला-ग्वालियर (म.प्र.)

### निविदा प्रकाशन सूचना

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला ग्वालियर के अधीन विभिन्न कार्यक्रमों के अंतर्गत मुद्रण (प्रिंटिंग) कार्य कराए जाने एवं समय-समय पर आयोजित होने वाले प्रशिक्षण एवं बैठकों में भोजन व्यवस्था हेतु पात्र निविदाकारों से दरें प्रस्तुत किए जाने के लिए वित्तीय वर्ष 2026-27 हेतु ऑनलाईन निविदाएँ http://mptenders.gov.in के माध्यम से आमंत्रित की जाती हैं। शेष शर्तें निविदा प्रारूप में निहित रहेंगी।

| टेण्डर प्रक्रिया का विवरण | टेण्डर प्रक्रिया कार्यक्रम | |
|---|---|---|
| | प्रिंटिंग कार्य | भोजन व्यवस्था |
| टेण्डर क्रमांक | 2026_DHS_488715_1 | 2026_DHS_488717_1 |
| ऑनलाईन निविदा प्रपत्र क्रय करने की तिथि एवं समय | 16-03-2026 from 10:00 AM | 16-03-2026 from 10:00 AM |
| ऑनलाईन निविदा प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | 06-03-2026 from 06:00 PM | 06-04-2026 up to 06:00 PM |
| निविदा के ऑनलाईन भौतिक ऑफर खोले जाने की तिथि एवं समय | 08-04-2026 at 02:00 PM | 08-04-2026 at 02:00 PM |
| ऑनलाईन निविदा खोले जाने का स्थान | Office of The Chief Medical & Health Officer Old Zila Panchayat Building, Thatipur, District-Gwalior | Office of The Chief Medical & Health Officer Old Zila Panchayat Building, Thatipur, District-Gwalior |

G-27359/25

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
जिला ग्वालियर



## कार्यालय जेल अधीक्षक, केन्द्रीय जेल ग्वालियर (म.प्र.)

क्रमांक / 66 / तकनीकी शाखा/2026 — ग्वालियर, दिनांक:- 06.03.2026

### निविदा सूचना

(द्वितीय आमंत्रण) वर्ष 2026-27

पंजीकृत एवं प्रतिष्ठित फर्मों की ओर से केन्द्रीय जेल ग्वालियर सर्किल की अधीनस्थ जेलों में (जिला जेल दतिया एवं सब जेल डबरा, मेहगांव, गोहद, लहार, अम्बाह, जौरा, सबलगढ़, सेवढ़ा, विजयपुर) स्थापित सी.सी.टी.व्ही. सर्वेलान्स सिस्टम के वार्षिक रख-रखाव (ए.एम.सी) वर्ष 2026-2027 हेतु ई-निविदा वेबसाईट www.mptenders.gov.in पर दिनांक 06.04.2026 को सांयकाल 05.30 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं।

इच्छुक फर्म/प्रतिष्ठान जेल से निविदा संबंधित पूर्ण जानकारी कार्यालय समय 10.00 बजे से 17.00 बजे तक किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त कर सकते हैं । निविदा की जानकारी www.mptenders.gov.in बेवसाईट पर भी उपलब्ध है।

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | प्री-बिड मीटिंग की तिथि | दिनांक 23.03.2026 प्रात: 11:00 बजे | कार्यालय जेल अधीक्षक, केन्द्रीय जेल ग्वालियर |
| 2 | निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि व समय | दिनांक 06.04.2026 सांयकाल 05:30 बजे | www.mptenders.gov.in पर ऑनलाईन स्वीकार की जावेगी। |
| 3 | तकनीकी निविदा खोलने की तिथि | दिनांक 08.04.2026 सांयकाल 05:30 बजे | कार्यालय जेल अधीक्षक, केन्द्रीय जेल ग्वालियर |
| 4 | वित्तीय निविदा खोलने की तिथि | .................. | तकनीकी निविदा जांच उपरांत |

1. निविदा फार्म ऊपर दर्शित बेवसाईट पर क्रेडिट कार्ड या ऑनलाईन भुगतान कर ही क्रय किये जा सकते है। निविदा एवं उससे संबंधित समस्त जानकारी ऊपर दर्शाई गई बेवसाईट पर देखें।
2. निविदा में किया गया कोई भी संशोधन www.mptenders.gov.in पर ही किया जावेगा, जिसकी सूचना केन्द्रीय जेल ग्वालियर के सूचना पटल पर चस्पा की जावेगी। पृथक से कोई भी संशोधन समाचार पत्र में प्रकाशित नही किया जावेगा।

G-27357/25

जेल अधीक्षक
केन्द्रीय जेल ग्वालियर